PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
Follow us on:/
मंगलवार,03,फरवरी 2026




# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## PM Modi on Self Confidence

### आत्मविश्वास वह शक्ति, जिसके बल पर सब संभव'; पीएम मोदी के इस संदेश के क्या मायने?



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आत्मविश्वास को देश की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि यही वह ताकत है, जिसके बल पर असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किए गए अपने संदेश में पीएम मोदी ने लिखा कि आत्मविश्वास वह शक्ति है, जिसके बल पर सब कुछ संभव है और विकसित भारत के सपने को साकार करने में देशवासियों की यही शक्ति सबसे अधिक काम आने वाली है। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश के साथ एक संस्कृत श्लोक भी साझा किया, जिसमें साहस, कौशल, दक्षता और अनुशासन को प्रगति का आधार बताया गया है। श्लोक के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि सही कर्मों से समृद्धि उत्पन्न होती है, आत्मविश्वास और पराक्रम से वह बढ़ती है, दक्षता से मजबूत होती है और अनुशासन से स्थिर बनी रहती है, जिससे राष्ट्र की समग्र प्रगति संभव हो पाती है। पीएम मोदी का यह संदेश ऐसे समय में सामने आया है, जब भारत तेजी से वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है और आर्थिक सुधारों, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों के जरिए विकास की नई गति पकड़ रहा है। यह संदेश देशवासियों में सकारात्मक सोच, आत्मबल और राष्ट्र निर्माण की भावना को और मजबूत करने वाला माना जा रहा है। यह संदेश भारत और अमेरिका के बीच हुए अहम व्यापार समझौते के कुछ घंटों बाद आया है, जिसे भारत की बढ़ती कूटनीतिक ताकत और वैश्विक आर्थिक स्थिति में मजबूत होती भूमिका से जोड़कर देखा जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के संदेश निवेशकों, उद्योग जगत और युवाओं के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर व्यापक विश्वास पैदा करते हैं। कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री का यह संदेश केवल एक प्रेरणादायक विचार नहीं, बल्कि विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला एक व्यापक राष्ट्रीय आह्वान माना जा रहा है, जिसमें आत्मविश्वास, अनुशासन और सामूहिक प्रयास को देश की प्रगति की मूल ताकत के रूप में रेखांकित किया गया है।

## Kerala: कोचीन एयरपोर्ट पर चलेंगी देश की पहली हाइड्रोजन बसें

### स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम


कोच्चि। केरल के कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देश में पहली बार हाइड्रोजन से चलने वाली बसें शुरू की जाएंगी। इस पहल को स्वच्छ ऊर्जा और हरित परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। इसके लिए कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल) और केरल हाइड्रोजन वैली फाउंडेशन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है, जिसके तहत हवाई अड्डे के परिसर में हाइड्रोजन ईंधन आधारित बस सेवाएं शुरू की जाएंगी। इस परियोजना के तहत कुल 8.7 करोड़ रुपये की लागत से तीन हाइड्रोजन बसें खरीदी जाएंगी। इन बसों का उपयोग एयरपोर्ट परिसर में यात्रियों और कर्मचारियों की आवाजाही के लिए किया जाएगा। हाइड्रोजन से चलने वाली ये बसें पारंपरिक डीजल और पेट्रोल वाहनों की तुलना में कहीं अधिक पर्यावरण के अनुकूल होंगी, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। सीआईएएल प्रबंधन का कहना है कि यह पहल केरल और देश के लिए स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश करेगी।




हाइड्रोजन ईंधन को भविष्य की ऊर्जा के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि यह न केवल पर्यावरण के लिए सुरक्षित है, बल्कि दीर्घकालिक रूप से ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत करता है।

## फिर बिगड़ा मौसम का मिजाज

### पहाड़ से लेकर मैदान तक वर्षा, हिमपात और कोहरे की मार, कुछ जगहों पर आज होगी बारिश



दो पश्चिमी विक्षोभों के सक्रिय होने से उत्तर-पश्चिम भारत में मौसम एक बार फिर बिगड़ गया है। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई है, जबकि मैदानी राज्यों में बूंदाबांदी, ठंडी हवाएं और घने कोहरे का असर देखा गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, पूर्वी राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में घना से बहुत घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई। उत्तर प्रदेश के सरसावा, आगरा और हिंडन वायुसेना अड्डों पर दृश्यता शून्य दर्ज की गई। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में कई स्थानों पर बारिश और बर्फबारी हुई है। हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी जारी है। कुल्लू, लाहौल और चंबा में ताजा हिमपात हुआ है, जबकि भारी बर्फबारी के कारण अटल टनल को बंद करना पड़ा। रोहतांग दर्रा क्षेत्र में भी भारी बर्फ गिरी है।

## Congress on Trade Deal

### भारत-US ट्रेड डील पर कांग्रेस हमलावर, मांगा पूरा ब्यौरा; घोषणा के तरीके पर भी सवाल



भारत और अमेरिका के बीच हुए हालिया व्यापार समझौते को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है और पूरे समझौते का विस्तृत ब्यौरा सार्वजनिक करने की मांग की है। कांग्रेस नेताओं ने न केवल डील की शर्तों पर सवाल उठाए हैं, बल्कि जिस तरीके से इसकी घोषणा की गई, उस पर भी आपत्ति जताई है। पार्टी का कहना है कि देश को अपने ही व्यापार समझौते की जानकारी पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान से मिलना, बेहद चिंताजनक और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी सहित कई नेताओं ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब किसी बड़े राष्ट्रीय फैसले की जानकारी भारत की जनता को किसी विदेशी नेता के माध्यम से मिली हो। उन्होंने इसे सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल बताते हुए कहा कि संसद और देश को विश्वास में लिए बिना इस तरह के अहम फैसलों की घोषणा करना उचित नहीं है। कांग्रेस ने इस रवैये को "ट्रंप-निर्भरता" करार देते हुए कहा कि इससे भारत की विदेश और व्यापार नीति की स्वतंत्रता पर सवाल खड़े होते हैं। कांग्रेस ने यह भी सवाल उठाया कि ट्रंप द्वारा किए गए दावों में कितनी सच्चाई है और भारत सरकार ने वास्तव में किन शर्तों पर सहमति दी है। पार्टी ने पूछा है कि क्या भारत ने अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ और नॉन-टैरिफ बैरियर को शून्य करने पर सहमति दी है, क्या कृषि क्षेत्र को अमेरिकी कंपनियों के लिए खोला जाएगा और इससे भारतीय किसानों के हितों की रक्षा कैसे होगी। कांग्रेस का कहना है कि अगर कृषि और घरेलू उद्योगों पर इसका नकारात्मक असर पड़ा, तो इसकी जिम्मेदारी सीधे केंद्र सरकार की होगी। इसके अलावा कांग्रेस ने रूस से तेल आयात रोकने और अमेरिका व अन्य देशों से तेल खरीद बढ़ाने को लेकर भी सवाल उठाए हैं।

## Andhra Pradesh: नेताओं के घर पर हमलों से भड़की YSRCP

### नायडू सरकार को बताया जंगलराज; घर तक में लगाई दी थी आग

अमरावती/विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश में विपक्षी दल वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (YSRCP) के नेताओं के घरों पर हुए हमलों के बाद राज्य की राजनीति गरमा गई है। YSRCP ने इन घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की सरकार पर तीखा हमला बोला है और राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल खड़े करते हुए इसे 'जंगलराज' करार दिया है। पार्टी नेताओं का आरोप है कि सत्तारूढ़ दल के समर्थकों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से YSRCP नेताओं के घरों को निशाना बनाया गया और कुछ मामलों में आगजनी तक की गई। YSRCP प्रमुख वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने इन घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं के घरों पर हमले राज्य में अराजकता और कानून-व्यवस्था के पूरी तरह चरमराने का संकेत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह राजनीतिक बदले की भावना से की गई हिंसा है और इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि इस तरह की घटनाएं राज्य में भय का माहौल पैदा करने की कोशिश हैं, लेकिन विपक्ष ऐसी दबाव की राजनीति से डरने वाला नहीं है।



जानकारी के अनुसार हाल के दिनों में YSRCP के वरिष्ठ नेताओं और पूर्व मंत्रियों के आवासों पर पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। कुछ मामलों में घरों के बाहर खड़े वाहनों और संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया गया है। इन घटनाओं के बाद YSRCP ने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन पर निष्पक्ष कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है और कहा है कि सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं को खुली छूट दी जा रही है। कुल मिलाकर, YSRCP नेताओं के घरों पर हुए हमलों ने आंध्र प्रदेश की राजनीति में नया विवाद खड़ा कर दिया है।

# Aaj Ka Rashifal 03 February

## इन चार राशि वालों को मिल सकती है नई जिम्मेदारी, दो राशि वालों को रहना होगा सतर्क

03 February Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 03 फरवरी 2026 का राशिफल। आज मंगलवार, 03 फरवरी का दिन है। ज्योतिषीय गणना के आधार पर आज के दिन मंगल अपनी उच्च राशि में बैठकर और चंद्रमा सिंह राशि में विराजमान होकर जोश, आत्मविश्वास और करियर की दिशा में एक नई ऊंचाईयों को हासिल करेंगे।



### मेष

आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। राजनीति में कार्यरत लोगों की अच्छी छाप रहेगी। आपको किसी की कोई बात बुरी लग सकती है और आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण मुश्किलों में आ सकते हैं। आपकी माताजी को पैरों से संबंधित समस्या को लेकर यदि आप परेशान है, तो उसके लिए आप किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें। आपको कार्यक्षेत्र में किसी पॉलिटिक्स का हिस्सा बनने से बचना होगा।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए उत्तम संपत्ति के संकेत दे रहा है। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी, लेकिन यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा भी पूरी हो सकती है। आपको अपने कामों में किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह लेने से बचना होगा। आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा। जो आपको खुशी देगा। आपका कोई कानूनी मामला यदि विवादित था, तो उसे पर आपको पूरी निगरानी करने की आवश्यकता है

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यो से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी कुछ नई कोशिशें रंग लाएंगी। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई लापरवाही नहीं करनी है। आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे, जिससे कामों को कल पर टालेंगे। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में यदि कोई बाधा आ रही थी, तो उसके लिए आप अपने किसी सहयोगी से बातचीत कर सकते हैं। आप मौज-मस्ती के मूड में लगे रहेंगे।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा, लेकिन भाई-बहनों से आपकी खूब पटेगी। आपके ऊपर कार्यक्षेत्र में किसी बात को लेकर कोई झूठा आरोप लगाये, तो आप उसमें चुगली न लगाएं। संतान को तरक्की करते देख आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें, लेकिन आप अच्छे खानपान का आनंद लेंगे, जिससे आपकी कोई पेट संबंधित समस्या खड़ी हो सकती हैं।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको आस पड़ोस में किसी वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा। यदि आप किसी लेनदेन से संबंधित मामले को लेकर परेशान चल रहे थे, तो वह भी दूर होगा। आपको अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहना है। आप संतान को कहीं बाहर घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। कोई सरकारी कामयाबी लंबे समय से यदि पेंडिंग था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपको वाहनों के प्रयोग से सावधान रहना होगा, लेकिन जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनकी इच्छा पूरी होगी। आप अपनी माताजी से कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करेंगे, जिससे आपकी छोटी-मोटी समस्याएं आसानी से दूर होंगी। आप अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाने की कोशिश करेंगे।

### तुला

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा और आप धन को किसी योजना में लगाने की कोशिश में लगे रहेंगे। जो आने वाले समय में आपको बेहतर लाभ देगी। अपने किसी कानूनी मामले को लेकर लापरवाही न दिखाएंगे, तो उसमें आप किसी मुश्किल में पड़ सकते हैं। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। परिवार में किसी सदस्यों को नौकरी के लिए कहीं बाहर जाना पड़ सकता है।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आपके मन में काम को लेकर नए-नए आइडिया आएंगे। जीवनसाथी भी किसी नई नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं। आपकी आय में भी वृद्धि होगी, जो आपको खुशी देगी और कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होगा, जिसके लिए आप काफी मेहनत कर रहे थे। आपको काम को लेकर यदि किसी से सलाह लेनी हो, तो आप अपने पिताजी से ले, तो बेहतर रहेगा।

### धनु

आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी, लेकिन आप किसी के बहकावे में आकर कोई काम ना करें। आपको अपनी माताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। आपका कोई सहयोगी आपको परेशान करने की कोशिश करेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपका मन भगवान की भक्ति में खूब मन लगेगा और आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

### मकर

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। राजनीति में आपको किसी बड़े पद की प्राप्ति हो सकती हैं और लोगों का भी आपको पूरा समर्थन मिलेगा। आप किसी नए वाहन के खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छे रहेगी। आपका कोई पुराना लेनदेन आपके लिए समस्या बनेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। आप छोटे बच्चों के साथ भी कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे आपको अपनी टेंशनों से भी काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। आपके पिताजी आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट दे सकते हैं और आप यदि कहीं बाहर जाएं, तो अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। सेहत मे यदि कोई समस्या चली आ रही थी, तो उससे भी आपको राहत मिलेगी। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

### मीन

आज आपको किसी काम को लेकर भागदौड़ बनी रहेगी और आपका मन भी परेशान रहेगा। आपको अपने कामों को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं करनी है, नहीं तो वे आपके लिए बाद में मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में लापरवाही के कारण परीक्षा देने में उन्हें कठिनाई होगी। आपको किसी दूसरे के मामले में सलाह देने से बचाना होगा। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहेगी। आप उसे सही कामों में लगाएं, तो बेहतर रहेगा।

आज मंगलवार, 03 फरवरी का दिन है। ज्योतिषीय गणना के आधार पर आज के दिन मंगल अपनी उच्च राशि में बैठकर और चंद्रमा सिंह राशि में विराजमान होकर जोश, आत्मविश्वास और करियर की दिशा में एक नई ऊंचाईयों को हासिल करेंगे। ऐसे में आज मेष राशि वालों को कार्यक्षेत्र में को बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। वृषभ राशि वालों को जमीन-जायदाद के मामलों में अच्छी डील होने के संकेत हैं कन्या राशि वालों के कोई अधूरे काम आज के दिन पूरे होंगे।

# बारिश और ठंड की वापसी

## साल 2022 के बाद सबसे ठंडा रहा फरवरी का दिन, आज कोहरे का यलो अलर्ट जारी



पश्चिमी विक्षोभ के दस्तक देने के बाद बीते कई दिन से दिल्ली में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। बारिश और ठंड की वापसी के बाद अब कोहरे का भी प्रकोप झेलना पड़ेगा। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए कोहरे व धुंध का यलो अलर्ट जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ के दस्तक देने के बाद बीते कई दिन से दिल्ली में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। बारिश और ठंड की वापसी के बाद अब कोहरे का भी प्रकोप झेलना पड़ेगा। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए कोहरे व धुंध का यलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में दिन का अधिकतम तापमान 19 से 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 से 9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। सुबह के समय कई जगह पर हल्का और कुछ इलाकों में घना कोहरा भी छाया रह सकता है। इसके अलावा, साल 2022 के बाद फरवरी माह सबसे ठंडा रहा। साल 2023 में पूरे महीने का औसत अधिकतम पारा 28.2 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं, 2024 में 24.4 और 2025 में 26.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। रविवार देर रात से ही कोहरे ने पूरे आसमान को अपने आगोश में ले लिया था। ऐसे में इसका असर सोमवार की सुबह देखने को मिला। तड़के ही कोहरे व धुंध छाई रही। इससे दृश्यता भी कम रही। इसी बीच तेज बर्फीली हवाओं ने लोगों को खासा परेशान किया और दिल्ली में ठिठुरन बढ़ा दी। दिल्ली में अगले छह दिनों तक मौसम में ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा।राजधानी में हवा की गति तेज होने से प्रदूषण खराब श्रेणी में हवा बरकरार है। ऐसे में सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 210 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है।

# फर्जीवाड़ा: पांच हजार के दानपत्र

## पांच हजार के दानपत्र से बेच दी पांच करोड़ की धर्मशाला, ट्रस्टियों-भूमाफिया पर गंभीर आरोप




आगरा के नामनेर चौराहे पर स्थित 100 साल पुरानी धर्मशाला पांच हजार के दानपत्र से बेच दी गई। इस मामले की शिकायत सीएम योगी तक पहुंच गई है। नामनेर चौराहे पर स्थित चुन्नीलाल अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट की 100 साल पुरानी धर्मशाला की बेशकीमती संपत्ति को खुर्द-बुर्द करने का बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ कथित ट्रस्टियों, भूमाफिया ने सब रजिस्ट्रार से मिलीभगत कर धोखाधड़ी से पांच करोड़ की संपत्ति पांच हजार रुपये के दानपत्र से बेच दी। मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचने के बाद जांच शुरू हो गई है।ट्रस्ट से जुड़े अग्रवाल समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री से भूमाफिया के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराने की गुहार लगाई थी। शिकायतकर्ता ट्रस्टी कृष्ण मुरारी अग्रवाल ने बताया कि स्वर्गीय चुन्नीलाल अग्रवाल ने वर्ष 1927 में नि:संतान होने के कारण अपनी संपत्ति संख्या 2/204 एवं 2/205 ट्रस्ट के नाम कर दी थी। डीड की शर्तों के अनुसार, ट्रस्टियों को केवल देख-रेख का अधिकार था, बेचने या दान करने का नहीं।वर्ष 2010 में अग्रवाल समाज ने मौखिक रूप से कुछ नए ट्रस्टी नियुक्त किए थे। आरोप है कि उन्होंने खुद को मुख्य ट्रस्टी बताकर 30 जून 2025 को संपत्ति समर्पण समिति के नाम अवैध रूप से दान कर दी। करीब 300 वर्ग गज में बनी दो मंजिल धर्मशाला पर कब्जे की कोशिश की गई लेकिन वे कामयाब नहीं हो सके।इस मामले में दानपत्र पंजीकृत करने वाले सब रजिस्ट्रार की भूमिका भी संदिग्ध है। सीएम को भेजी शिकायत में सब रजिस्ट्रार पर ट्रस्ट की संपत्तियों के हस्तांतरण में नियमों को दरकिनार करने के आरोप लगे हैं। शिकायत में दोषी व्यक्तियों के साथ सब रजिस्ट्रार के खिलाफ भी धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की गई है।निबंधन सहायक महानिरीक्षक योगेश कुमार ने बताया कि सब रजिस्ट्रार ने नियमों का उल्लंघन किया या नहीं, इस बिंदु पर जांच कराई जा रही है। आरोप सही साबित होने पर सब रजिस्ट्रार के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।सीएम को भेजी शिकायत में सब रजिस्ट्रार पर ट्रस्ट की संपत्तियों के हस्तांतरण में नियमों को दरकिनार करने के आरोप लगे हैं। शिकायत में दोषी व्यक्तियों के साथ सब रजिस्ट्रार के खिलाफ भी धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की गई है।

## श्रिया पिलगांवकर ने किया खास पोस्ट




अरिजीत सिंह के रिटायरमेंट पर सेलेब्स के रिएक्शन आना अभी भी जारी है। अब सिंगर और संगीतकार पलाश सेन ने भी अरिजीत के प्लेबैक सिंगिंग से रिटायरमेंट पर प्रतिक्रिया दी है। पलाश ने बताया अरिजीत ने क्यों छोड़ी प्लेबैक सिंगिंग...पलाश सेन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया। इसमें उन्होंने बतौर अभिनेता अपनी पहली फिल्म 'फिलहाल' और उस समय इंडस्ट्री की प्रतिक्रिया के बारे में बताया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'आज से चौबीस साल पहले 2 फरवरी को मेरी पहली फिल्म 'फिलहाल' रिलीज हुई थी। यह फ्लॉप रही। ज्यादातर आलोचकों ने मेरी आलोचना की और फिल्म इंडस्ट्री के कई लोगों ने मुझे ट्रोल किया। एक मॉडल से अभिनेत्री बनी महिला ने मुझे खूब खरी-खोटी सुनाई और कई अन्य लोगों ने भी ऐसा ही किया। वैसे भी मुझे फिल्मों में कोई दिलचस्पी नहीं थी।

## वड़ा पाव गर्ल चंद्रिका ने पति पर लगाया चीटिंग का आरोप

बिग बॉस ओटीटी 3 में नजर आईं इंफ्लुएंसर चंद्रिका दीक्षित अपने निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में आ गईं। एक वायरल वीडियो में वह अपने पति पर धोखा देने का आरोप लगा रही हैं। लेकिन इस वजह से वह ट्रोल भी हो रही हैं। जानिए, क्या है पूरा मामला?सोशल मीडिया पर वड़ा पाव गर्ल के नाम से मशहूर हुई चंद्रिका दीक्षित आगे चलकर इंफ्लुएंसर बन गईं। साथ ही बिग बॉस ओटीटी 3 में भी नजर आईं। एक बार फिर से वह चर्चा में हैं। हाल ही में चंद्रिका का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह रोते हुए अपने पति परचीटिंग का आरोप लगा रही हैं। लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स उनकी बातों पर यकीन नहीं कर रहे हैं। चंद्रिको सोशल

चंद्रिका दीक्षित ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर सोमवार को एक वीडियो पोस्ट किया, पर धोखा देने का आरोप लगा रही हैं। वीडियो में वह कहती हैं, 'मैं घर संभाल रही हूं, बच्चा संभाल रही हूं, काम देख रही हूं। आप यह सब कर रहे हो। आखिर क्यों?' आगे वीडियो में वह पति के फोन पर कुछ चैट्स दिखाती हैं। साथ ही एक तस्वी दिखाती हैं, जिसमें एक लड़की चंद्रिका के पति के साथ नजर आ रही है। लड़की का चेहरा फोटो में छिपा दिया गया है। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'ड्रामा बंद करो।' एक अन्य यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'अब यह नया कंटेंट है।' इस तरह कुछ यूजर्स ने लिखा, 'कितना फेक है।' एक सोशल मीडिया यूजर ने भी रिएक्शन देते हुए लिखा, 'अब वैसे नहीं हो रहे वायरल तो ऐसे ही सही।'


## क्या तमन्ना भाटिया और फातिमा सना शेख के बीच दूर हुए गिले-शिकवे?




हाल ही में तमन्ना भाटिया ने मुंबई में अपना एक स्टोर खोला है। इस स्टोर की ओपनिंग सेरेमनी में अपने बॉलीवुड से जुड़े करीब दोस्तों को बुलाया। शुरुआत में फामिता सना शेख इवेंट में नजर नहीं आईं। लेकिन मंगलवा को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें तमन्ना अपने नए स्टोर से बाहर आ रही हैं। उनके साथ फातिमा सना शेख भी नजर आईं। दोनों का यह वायरल वीडियो देखकर फैंस भी चौंक गए है। सवाल है कि आखिर इनके बीच दूरी की अटकलें क्यों लगी थीं? और इन अटकलों और अफवाहों का एक्टर विजय वर्मा से क्या कलेक्शन है? जानिए।सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि तमन्ना अपने नए स्टोर से बाहर आती हैं। फातिमा सना शेख भी नजर आती हैं। दोनों पैपराजी के सामने फोटो भी क्लिक करवाती हैं। यह दोनों एक लंबे वक्त के बाद साथ नजर आई हैं। लेकिन दोनों ने साथ आकर जता दिया है कि इनकी दोस्ती अब भी बरकरार है।

## मिथुन और बेटे नमाशी ने की दो वेब सीरीज की घोषणा कब से शुरू होगी 'मेस-टरपीस





मिथुन चक्रवर्ती और उनके बेटे नमाशी दो नई वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं, जिसकी घोषणा उन्होंने आज ही की है। एक रोमांटिक कॉमेडी, तो दूसरी एंथोलॉजी सीरीज पर आधारित है।मिथुन चक्रवर्ती और उनके बेटे नमाशी ने आज एक रोमांटिक कॉमेडी और दूसरी एंथोलॉजी सीरीज की घोषणा की है। इसी के साथ उन्होंने सीरीज की स्टार कास्ट के साथ ही इसकी शूटिंग की जानकारी भी शेयर की है।मिथुन चक्रवर्ती और उनके बेटे नमाशी चक्रवर्ती ने अपने होम बैनर MYRND मूवीज के तहत दो वेब सीरीज की घोषणा की है। पहली सीरीज का नाम है- 'मेस-टरपीस'। यह एक रोमांटिक-कॉमेडी सीरीज है। इस सीरीज में नमाशी के साथ रेशम शाहनी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस सीरीज की घोषणा के साथ ही सीरीज का पोस्टर भी शेयर किया है।

## प्यार आपको बेहतर इंसान बनाता है'



प्यार को लेकर मृणाल ने आगे कहा कि एकमात्र स्थिर चीज प्यार है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप इसे कैसे ग्रहण करते हैं। एक प्रेमी होता है, एक प्रेमिका होती है। जब कोई प्यार में होता है, तो वह देने वाला आप बस खुद को समर्पित कर देते हैं।एआर रहमान के संगीत में बने गीत 'भीगी भीगी' को इरशाद कामिल ने लिखा है। इसे एआर अमीन और जसलीन रॉयल ने गाया है। फिल्मों की बात करें तो मृणाल ठाकुर अगली बार रोमांटिक ड्रामा 'दो दीवाने सहर में' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म दो लोगों के बीच की आदर्श प्रेम कहानी है और एक आधुनिक रोमांस जो एक ऐसी याद की तरह लगता है जिसे आप संजो कर रखे हुए हैं। 'दो दीवाने सहर में' में 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी

## सलमान खान से अक्षय कुमार तक इस इवेंट में पहुंचे सितारे,




मनोरंजन जगत की चर्चित मैगजीन वैराइटी का इंडिया लॉन्च इवेंट काफी चर्चा में रहा। इसमें फिल्म जगत के कई दिग्गज सितारों ने शिरकत की, जिनके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। सलमान खान, आमिर खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन अगर एक साथ नजर आएं तो? अगर यह बात किसी फिल्म के सिलसिले में हो तो दर्शकों के लिए इससे खास तोहफा कुछ नहीं होगा। मगर, फिलहाल फिल्म तो नहीं, मगर मनोरंजन जगत की मैगजीन वैराइटी के कवर पेज पर चारों जरूर नजर आए हैं। दरअसल, दुनियाभर में लोकप्रिय वैराइटी मैगजीन को अब भारत में लॉन्च किया गया है। इसके लॉन्च इवेंट में कई चर्चित सितारों ने भी शिरकत की। लॉन्च इवेंट में वैराइटी इंडिया मैगजीन का पहला कवर भी लॉन्च किया गया। इस कवर ने सभी का ध्यान खींचा। आखिर इंडस्ट्री के चार दिग्गज इस पर नजर आ रहे हैं। जी हां, सलमान खान, आमिर खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन वैराइटी इंडिया मैगजीन के पहले कवर पर नजर आए हैं। यूं तो इस कवर पर नेटिजन्स की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। मगर, कुछ लोग शाहरुख खान को मिस कर रहे हैं। यूजर लिख रहे हैं, 'शाहरुख खान के बिना यह कवर अधूरा है'। इवेंट में बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार अपनी वाइफ और एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना के साथ पहुंचे। मै अक्षय कुमार की फिटनेस के फैंस दीवाने हो गए ।इवेंट में सनी लियोनी भी पहुंचीं। उन्होंने पति डेनियल बेबर के साथ शिरकत की।

# दिल्ली-NCR की हवा पर संकट

## बजट 2026 में फंड कटौती की खबर, प्रदूषण नियंत्रण पर उठे सवाल




दिल्ली-एनसीआर की खराब होती हवा को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ गई है। बजट 2026 में प्रदूषण नियंत्रण से जुड़ी योजनाओं के लिए आवंटन में कटौती की खबरों के बाद यह सवाल खड़ा हो गया है कि राजधानी और आसपास के इलाकों की हवा को साफ करने के लिए सरकार कितना खर्च करेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि फंड में कमी से स्मॉग कंट्रोल, एंटी-पॉल्यूशन तकनीक और निगरानी परियोजनाओं पर असर पड़ सकता है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए पहले से चल रही कई योजनाओं की समीक्षा की जा रही है।

हालांकि केंद्र सरकार का कहना है कि सीमित संसाधनों के बावजूद प्रदूषण से निपटने के लिए प्राथमिकता वाली परियोजनाओं को जारी रखा जाएगा। इसमें इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को बढ़ावा, कंस्ट्रक्शन डस्ट कंट्रोल और पराली प्रबंधन जैसे उपाय शामिल हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि यदि फंडिंग में वास्तविक कटौती होती है,

# Gold Silver Price: सर्राफा बाजार में हाहाकार

## चांदी की दरों में ₹21000 का उछाल, सोना करीब ₹6000 महंगा




भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सहमति और टैरिफ में कटौती के असर से कमोडिटी बाजार में तेजी देखने को मिली है। मंगलवार को सर्राफा बाजार और एमसीएक्स पर सोना-चांदी की कीमतों में जोरदार उछाल दर्ज किया गया। एमसीएक्स पर सोने का वायदा भाव करीब 4.34 फीसदी बढ़कर लगभग ₹6,050 चढ़ गया, जबकि चांदी में करीब 9 फीसदी की तेजी के साथ ₹20,940 प्रति किलो का उछाल दर्ज किया गया। तेजी के बाद सोने का भाव 10 ग्राम के लिए करीब ₹1,49,200 तक पहुंच गया, वहीं चांदी का भाव ₹2,54,200 प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गया। बीते पांच कारोबारी सत्रों में लगातार गिरावट के बाद अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, चांदी करीब ₹52,000 टूटकर ₹2.60 लाख प्रति किलो तक आ गई थी, जबकि 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना भी करीब ₹12,800 गिरकर ₹1,52,700 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था।

# The Bonus Market Update

## गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजार में लौटी हरियाली



बजट के दिन भारी बिकवाली के बाद सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में रिकवरी देखने को मिली। शुरुआती गिरावट के बावजूद बीएसई सेंसेक्स 302 अंक चढ़कर 81,024.94 पर पहुंच गया, जबकि एनएसई निफ्टी 59.25 अंक बढ़कर 24,884.70 पर कारोबार करता नजर आया। ब्लू-चिप शेयरों में वैल्यू बाइंग के चलते बाजार में हरियाली लौटी। बजट में फ्यूचर्स और ऑप्शंस (F&O) ट्रेडिंग पर सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (STT) बढ़ाने के एलान से रविवार को बाजार में करीब दो फीसदी तक की गिरावट आई थी।

विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक संकेत, एशियाई बाजारों की चाल और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने वाले सत्रों में बाजार की दिशा तय करेंगे। फिलहाल बजट के बाद बाजार में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहने की संभावना है।

# India-US Trade Deal

## चीन-पाक के मुकाबले कम टैरिफ, भारत को अमेरिकी बाजार में बड़ी बढ़त




भारत और अमेरिका के बीच हुए नए व्यापार समझौते से भारत को वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण बढ़त मिलने की उम्मीद है। इस समझौते के तहत अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों पर लगने वाला टैरिफ चीन और पाकिस्तान की तुलना में कम हो गया है, जिससे भारत की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति मजबूत हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे भारतीय निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और घरेलू उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई संभावनाएं मिलेंगी। समझौते के अनुसार, अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर पारस्परिक शुल्क को मौजूदा 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जताई है।

सरकार के सूत्रों के अनुसार, यह समझौता 'मेक इन इंडिया' और निर्यात आधारित विकास रणनीति के लिए भी अहम माना जा रहा है। इससे न केवल विदेशी निवेश को बढ़ावा मिलने की संभावना है, बल्कि रोजगार सृजन और घरेलू उत्पादन को भी मजबूती मिल सकती है।

# Railways: पटरी पर दौड़ेगा AI और स्लीपर वंदे भारत का विजन

## रेलवे को मिल सकता है 2.80 लाख करोड़ का रिकॉर्ड आवंटन



केंद्रीय बजट 2026 से पहले भारतीय रेलवे को लेकर बड़ी तैयारियों के संकेत मिल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, आगामी बजट में रेलवे को करीब 2.80 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन मिल सकता है। यह अब तक का सबसे बड़ा बजटीय प्रावधान माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य रेलवे के आधुनिकीकरण, सुरक्षा, नई तकनीक और यात्री सुविधाओं को नई ऊंचाई पर ले जाना है। सरकार की योजना के तहत रेलवे में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित सिस्टम को बड़े पैमाने पर लागू किया जाएगा।

AI की मदद से ट्रैक मॉनिटरिंग, दुर्घटना रोकथाम, सिग्नलिंग सिस्टम, कोच मेंटेनेंस और ट्रेन संचालन को और अधिक स्मार्ट और सुरक्षित बनाया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, AI आधारित सेंसर और डेटा एनालिटिक्स से ट्रैक में खराबी, पहियों और इंजन की तकनीकी दिक्कतों का पहले ही पता लगाया जा सकेगा, जिससे हादसों की आशंका कम होगी।

# Budget 2026 के बाद बाजार धड़ाम

## सेंसेक्स 1547 अंक टूटा, निफ्टी भी भारी गिरावट के साथ बंद



बजट 2026 के एलानों के बाद शेयर बाजार में जोरदार बिकवाली देखने को मिली और घरेलू बाजार भारी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स करीब 1,547 अंकों की बड़ी गिरावट के साथ क्लोज हुआ, जबकि निफ्टी भी कमजोर होकर नीचे बंद हुआ। बजट के बाद निवेशकों की सतर्कता और मुनाफावसूली के चलते बाजार पर दबाव बना रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, कुछ सेक्टर्स में अपेक्षा से कमजोर घोषणाओं और वैश्विक संकेतों के असर से आईटी, बैंकिंग, मेटल और ऑटो शेयरों में बिकवाली देखने को मिली। बड़े शेयरों में गिरावट के चलते सेंसेक्स और निफ्टी दोनों पर दबाव बना रहा।

बड़े शेयरों में गिरावट के चलते सेंसेक्स और निफ्टी दोनों पर दबाव बना रहा।विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले सत्रों में बाजार की दिशा वैश्विक बाजारों के रुख, रुपये की चाल और बजट से जुड़ी नीतियों पर निवेशकों की प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगी। फिलहाल बजट के बाद बाजार में अस्थिरता बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।

# भारत दुनिया का पावरहाउस: 135 अरब डॉलर रेमिटेंस

## 701 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार; लगातार बढ़ रही हिस्सेदारी



भारत की अर्थव्यवस्था ने एक बार फिर अपनी मजबूती का लोहा मनवाया है। 2024-25 में देश को 135.4 अरब डॉलर का रेमिटेंस मिला, जबकि विदेशी मुद्रा भंडार 701 अरब डॉलर के स्तर तक पहुंच गया। भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपनी मजबूती का लोहा एक बार फिर मनवाया है। इकोनॉमिक सर्वे के अनुसार भारत ना केवल दुनिया का सबसे बड़ा रेमिटेंस हासिल करने वाला देश बना हुआ है, बल्कि विदेशी मुद्रा भंडार भी रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गया है। 2024-25 में भारत को कुल 135.4 अरब डॉलर का रेमिटेंस मिला। सबसे बड़ी बात यह रही कि

अब भारत आने वाले पैसे में विकसित देशों की हिस्सेदारी बढ़ रही है। इस बात से पता चलता है कि विदेशों में भारतीय स्किल और प्रोफेशनल वर्कर्स की मांग और कमाई दोनों में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 16 जनवरी तक 701.4 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। इस भंडार के जरिये देश लगभग 11 महीनों के आयात को कवर कर सकता है।

# Biz Updates: 40 फीसदी गिग कर्मचारी की कमाई

## 15 हजार से कम, कौशल विकास से रोजगार बढ़ाने की जरूरत



देश के करीब 40 फीसदी गिग (अस्थायी) कर्मचारी हर महीने 15,000 रुपये से भी कम कमाते हैं। यह आंकड़ा बताता है कि नियमित एवं अस्थायी रोजगार के बीच कमाई के मोर्चे पर अब भी एक बड़ी खाई है, जिसे पाटने के लिए उचित मजदूरी सुनिश्चित करने की जरूरत है। साथ ही, 1.20 करोड़ से अधिक गिग कर्मचारियों के वेतन में सुधार के लिए नीतिगत हस्तक्षेप की आवश्यकता है। जोमैटो संस्थापक दीपिंदर गोयल ने हाल ही में कहा था कि उनके प्लेटफॉर्म पर डिलीवरी पार्टनर दिन में 8-10 घंटे और सप्ताह में छह दिन काम कर हर माह रुपये कमा सकते हैं। लेकिन, आर्थिक समीक्षा में इससे जुड़ी एक अलग ही सच्चाई सामने आई है। आर्थिक समीक्षा में नियमित एवं अस्थायी रोजगार के बीच कमाई के अंतर को कम करने के लिए प्रति घंटा या प्रति काम के हिसाब से न्यूनतम कमाई तय करने का सुझाव दिया गया है, जिसमें वेटिंग अवधि का मुआवजा भी शामिल हो।

## Kim Kardashian-Lewis Hamilton Dating: क्या किम कार्दशियन को डेट कर रहे लुईस हैमिल्टन? साथ में बिता रहे वक्त!



ब्रिटेन में किम कार्दशियन और लुईस हैमिल्टन की यह सीक्रेट डेट नाइट भले ही सार्वजनिक तौर पर कन्फर्म न हुई हो, लेकिन जिस तरह से प्राइवेसी, सुरक्षा और गोपनीयता बरती गई, उसने डेटिंग की अफवाहों को और हवा दे दी है। अब देखना होगा कि यह मुलाकात सिर्फ दोस्ती तक सीमित रहती है या आने वाले समय में दोनों अपने रिश्ते को लेकर कोई खुलासा करते हैं। हॉलीवुड रियलिटी स्टार किम कार्दशियन और सात बार के फॉर्मूला वन चैंपियन लुईस हैमिल्टन को लेकर एक बार फिर डेटिंग की चर्चाएं तेज हो गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने हाल ही में ब्रिटेन में एक बेहद निजी और लग्जरी वीकेंड साथ बिताया। इस कथित सीक्रेट डेट ने सेलिब्रिटी वर्ल्ड में हलचल मचा दी है, क्योंकि दोनों ने पूरी कोशिश की कि यह मुलाकात सार्वजनिक न हो। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, किम और लुईस इंग्लैंड के कोट्सवोल्ड्स इलाके में स्थित बेहद एक्सक्लूसिव रिट्रीट एस्टेल मैनर में रुके थे। यह जगह अपनी लग्जरी, प्राइवेसी और हाई-प्रोफाइल मेहमानों के लिए जानी जाती है। 'द सन' की रिपोर्ट में बताया गया है कि किम कार्दशियन लॉस एंजेलिस से प्राइवेट जेट के जरिए वहां पहुंचीं, जबकि लुईस हैमिल्टन लंदन से हेलीकॉप्टर से आए। दोनों ने जानबूझकर अलग-अलग समय पर पहुंचने की योजना बनाई, ताकि किसी का ध्यान न जाए। रिपोर्ट के मुताबिक, किम का आगमन बेहद सादगी भरा रखा गया। उन्हें सीधे कमरे में ले जाया गया और साथ में केवल दो बॉडीगार्ड थे। लगभग एक घंटे बाद लुईस हैमिल्टन पहुंचे। पूरे प्रवास के दौरान सुरक्षा बेहद कड़ी रही और उनके कमरे के बाहर गार्ड तैनात रहे, ताकि किसी तरह की दखलअंदाजी न हो। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि दोनों ने कपल मसाज बुक करवाई और मैनर के स्पा और पूल का इस्तेमाल पूरी तरह निजी तौर पर किया। शाम को उन्होंने एक प्राइवेट रूम में डिनर किया।

## पाकिस्तान की घबराहट की पूरी कहानी: भारत से हारने का डर




संजय मांजरेकर का बयान सिर्फ एक राय नहीं, बल्कि दो दशकों के आईसीसी आंकड़ों और मौजूदा क्रिकेटिंग सच्चाई का निचोड़ है। भारत-पाकिस्तान राइवलरी अब बराबरी की नहीं रही। पाकिस्तान की गिरती ताकत और भारत का बढ़ता दबदबा इस बहस के केंद्र में है। भारत के खिलाफ मैच से बचने या बॉयकॉट की बातें दरअसल उसी डर की उपज हैं, जिसे आंकड़े और प्रदर्शन दोनों उजागर कर चुके हैं। टी20 विश्व कप 2026 को शुरू होने में अब बस चार दिन का वक्त रह गया है। सात फरवरी से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट से पहले पाकिस्तान का ड्रामा चालू हो गया है। टूर्नामेंट के बहिष्कार की गीदड़भभकी से शुरू हुआ ड्रामा अब भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच के बहिष्कार पर आकर रुक गया है। भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार कर पाकिस्तान अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी मार रहा है। साथ ही 21वीं सदी में पाकिस्तान का आईसीसी टूर्नामेंट्स भी भारत के खिलाफ रिकॉर्ड यह बताता है कि पड़ोसी मुल्क का भारत से खेलने का डर जायज है। टीम इंडिया के खिलाफ लगातार हार ने उन्हें डरा दिया है और यही वजह है कि उसने बॉयकॉट का रास्ता अपनाया। अगर मैच ही नहीं होगा तो उनकी अपने मुल्क में थू-थू नहीं होगी। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और दिग्गज कमेंटेटर संजय मांजरेकर के हालिया वीडियो ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट बहस को फिर से गर्म कर दिया है। वीडियो में मांजरेकर का साफ कहना है कि अब पाकिस्तान भारत के खिलाफ खेलने से कतरा रहा है, और इसकी वजह कोई राजनीति नहीं बल्कि खेल का डर है। मांजरेकर के शब्दों में, 'सच्चाई ये है कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान को हराना अब उनके लिए असाधारण चुनौती बन चुका है।' भारत के खिलाफ मैच से बचने या बॉयकॉट की बात करना दर्शाता है कि पाकिस्तान खेल के मैदान में जवाब देने के बजाय बहाने तलाश रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मुकाबले को वर्षों से महामुकाबला कहा जाता रहा है, लेकिन मांजरेकर ने इस धारणा पर सीधा सवाल खड़ा कर दिया है। मांजरेकर का कहना है कि अगर भारत-पाकिस्तान मैच नहीं भी होता है, तो इससे न टूर्नामेंट की वैल्यू घटती है और न ही भारतीय क्रिकेट को कोई नुकसान होता है। मांजरेकर के शब्दों में, 'अगर भारत-पाकिस्तान मैच।

## T20 WC: क्या पाकिस्तान से 2,288 करोड़ रुपये वसूलेगा आईसीसी?

भारत-पाकिस्तान मुकाबला आईसीसी टूर्नामेंट की आर्थिक रीढ़ माना जाता है। टी20 विश्व कप में इस मैच के नहीं होने से आईसीसी, प्रसारकों और खुद पाकिस्तान को अरबों रुपये का नुकसान हो सकता है। जहां भारत को वॉकओवर से अंक मिल सकते हैं, वहीं पाकिस्तान पर आर्थिक जुर्माने और वैश्विक आलोचना का खतरा मंडरा रहा है। हाइब्रिड मॉडल की मौजूदगी के बावजूद बहिष्कार की राजनीति क्रिकेट से कहीं आगे की कहानी



बयां कर रही है। आईसीसी टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मुकाबला सिर्फ एक क्रिकेट मैच नहीं होता, बल्कि यह वैश्विक खेल अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा आकर्षण माना जाता है। विशेषज्ञों के अनुमान के मुताबिक, किसी भी आईसीसी इवेंट में भारत-पाकिस्तान मैच से करीब 25 करोड़ डॉलर (2288 करोड़ रुपये से अधिक) का राजस्व पैदा होता है। ऐसे में आगामी टी20 विश्व कप में अगर यह मुकाबला नहीं होता है, तो इसका असर सिर्फ मैदान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आईसीसी, प्रसारकों और क्रिकेट बोर्डों की जेब पर सीधा पड़ेगा। हालांकि, आईसीसी पहले ही कह चुका है कि पीसीबी अगर नहीं खेलता है तो उसे इसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। आईसीसी इस मैच के नहीं होने से होने वाले नुकसान की भरपाई पीसीबी से कर सकता है। ऐसे में पीसीबी पर बड़ा आर्थिक खतरा मंडरा रहा है।

## T20 World Cup: टी20 विश्वकप में कितनी बार भारतीय खिलाड़ी बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, कितने फाइनल में बने हीरो?

टी20 विश्वकप के इतिहास में भारत का योगदान बेहद खास रहा है। भारत ने दो बार खिताब जीता, चार बार उसके खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने और कई फाइनल मुकाबलों में भारतीय सितारों ने हीरो बनकर टीम को गौरव दिलाया। विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी इस फॉर्मेट में भारत की पहचान बन चुके हैं। आने वाले टी20 विश्वकप में भी भारतीय फैंस को ऐसे ही ऐतिहासिक प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। आईसीसी टी20 विश्वकप की शुरुआत साल 2007 में हुई थी। पहला संस्करण दक्षिण अफ्रीका में खेला गया था। तब से साल 2024 तक नौ संस्करण खेले जा चुके हैं। देखते ही देखते यह टूर्नामेंट क्रिकेट की दुनिया का सबसे रोमांचक और लोकप्रिय फॉर्मेट बन गया। छोटे ओवर, तेज रफ्तार और हर गेंद पर बदलता मैच का रुख, यही टी20 की पहचान है। भारत उन चुनिंदा टीमों में शामिल रहा है, जिसने इस फॉर्मेट में न सिर्फ खिताब जीते बल्कि व्यक्तिगत उपलब्धियों में भी गहरी छाप छोड़ी। टी20 विश्व कप 2026 की शुरुआत सात फरवरी से होने जा रही है। यह टी20 विश्व कप का 10वां संस्करण होगा। भारत ने अब तक 2007 और 2024 में, यानी दो बार टी20 विश्वकप का खिताब अपने नाम किया है। 2024 में वेस्टइंडीज में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर भारत ने 11 साल का आईसीसी ट्रॉफी सूखा भी खत्म किया था। विराट कोहली टी20 विश्वकप इतिहास के इकलौते खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो बार प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने का गौरव हासिल किया।



### T20 World Cup 2026: क्या सूर्यकुमार की सेना रच पाएगी इतिहास?


## टी20 विश्वकप से पहले भारतीय टीम का SWOT एनालिसिस

टी20 विश्व कप 2026 को ध्यान में रखते हुए भारतीय क्रिकेट टीम अपने संयोजन और रणनीति को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। हाल के टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में टीम ने विभिन्न खिलाड़ियों और योजनाओं का परीक्षण किया है। इन परिस्थितियों में भारतीय टीम की मौजूदा स्थिति का आकलन निम्न बिंदुओं के आधार पर किया जा सकता है। भारतीय टीम की बल्लेबाज़ी इस समय उसका प्रमुख पक्ष मानी जा रही है। शीर्ष क्रम से लेकर मध्य क्रम तक रन गति बनाए रखने की क्षमता मौजूद है, जिससे टीम लक्ष्य का पीछा करने या बड़ा स्कोर खड़ा करने में सक्षम रहती है। बल्लेबाज़ी में गहराई होने से टीम को विभिन्न परिस्थितियों में रणनीतिक लचीलापन मिलता है। गेंदबाज़ी विभाग में विविधता तो है, लेकिन निरंतरता एक चुनौती बनी हुई है। शुरुआती ओवरों में विकेट निकालने की क्षमता के बावजूद अंतिम ओवरों में रन नियंत्रण पर काम किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। बड़े टूर्नामेंट में यह पहलू निर्णायक हो सकता है। टीम में ऑलराउंड विकल्प उपलब्ध होने से संतुलन बना रहता है। ऐसे खिलाड़ी जो एक से अधिक विभागों में योगदान दे सकते हैं, टी20 प्रारूप में अहम भूमिका निभाते हैं। इससे कप्तान को मैच के दौरान अतिरिक्त विकल्प मिलते हैं। मौके के रूप में देखा जाए तो विश्व कप युवा खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को स्थापित करने का मंच प्रदान करता है। हाल के वर्षों में सामने आए नए खिलाड़ियों के लिए यह टूर्नामेंट अनुभव अर्जित करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो सकता है। चुनौती के रूप में अन्य शीर्ष टी20 टीमों की प्रतिस्पर्धा और खिलाड़ियों की फिटनेस से जुड़ी अनिश्चितता को देखा जा सकता है। व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के कारण चोट और फ़ॉर्म का प्रभाव टूर्नामेंट के दौरान स्पष्ट हो सकता है। कुल मिलाकर, टी20 विश्व कप 2026 से पहले भारतीय टीम एक ऐसी इकाई के रूप में दिखाई देती है जिसमें संतुलन और क्षमता मौजूद है, लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता और रणनीतिक निष्पादन पर विशेष ध्यान देना आवश्यक होगा। कुल मिलाकर तीसरा टी20 विश्व कप खिताब, जो भारत को इस फॉर्मेट की सबसे सफल टीम बना देगा। अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती।




BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
इस 2025 शुरू करे अपनी Fintech Company और बनाएँ
अपना खुद का Multi Recharge Software
ADMIN PANEL
API PANEL
आपका भरोसा, हमारी पहचान PlanetC Technology सदा आपके साथ
Software / Api Panel / All other Validation
B2B B2C Software | AEPS DMT Software | White Lebal Software | HRMS Software | Multi Recharge Software
| CRM Software | School Software | News Software | Inventory Software | Ecommerce Software
Rs.60,000
मात्र
Rs. 50,000
Account Opening
DMT (MoneyTransfer)
DTH Recharge
AEPS
CMS Service
Fastag Recharge
Insurance
Utility Bills
Postpaid Recharge
PlanetC Technology की विश्वसनीय वित्तीय सेवाओं का लाभ उठाएं
और अपने जीवन को बेहद सरल बनाएं।
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300
Follow us on:/


PLANET NEWS
WE ARE HIRING!
We are looking for
Graphic Designer & Video Editor
News Anchor
News Reporter
APPLY NOW
Mail your resume to info@planetnewsindia.com
+91-7088120300
www.planetnewsindia.com


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE
HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
VACANCY
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:/
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL OFFER
Rs.60,000
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612